राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा

लोकेनायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में एम्बुलेंस का लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण हजारीबाग झारखंड चौपारण लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल बहेरा में बुधवार एम्बुलेंस का लोकार्पण अजय सिरके, कंपनी सामाजिक दायित्व प्रमुख क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्र एवं एसडीओ पूनम कूजुर के हाथों किया गया। क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्रा जानी मानी सॉफ्टवेयर कम्पनी। आज के कर्यक्रम में मुख्य रूप से नाव भारत जागृति केंद्र के सतीश गिरिजा,डॉ आलोक कुमार, गंधर्व गौरव, बीरेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार पूरी विकान्त सिंह एवं लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि के अभिनंदन से किया गया फिर क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा वित्त प्रदत्त एम्बुलेंस को अस्पताल को समर्पित किया गया जो हॉस्पिटल में आये मरीज़ों की सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखा कर मरीज़ों को रवाना किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर बरही, प्रखंड विकाश पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, नज़ीर अख्तार पुलिस उपाधीक्षक, बरही,चौपारण थाना प्रभारी स्वप्न कुमार महतो सीएचसी प्रभारी डॉ भुनेश्वर गोप उपस्थिति थे। क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा प्रदत्त एम्बुलेंस इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल ने इस क्षेत्र में काफी नाम कमाया है और लोगो के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है, एम्बुलेंस मिलने से अस्पताल को और बल मिलेगा जिससे मरीज़ों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में काफी मदद मिलेगी। संस्था के सचिव सतीश गिरिजा ने क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये एक महत्वपूर्ण सहयोग मिला है जिसका उपयोग लोक कल्याणकारी के लिए किया जाएगा।